नये निदेशक ने संभाला पदभार

नयी ऊंचाइयों पर ले जाना है आइआइएम रांची को : प्रो दीपक

संवाददाता, रांची

देश के बिजनेस स्कूलों में आइआइएम रांची नया है. इसके बावजूद यहां के विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं. आनेवाले दिनों में आइआइएम रांची की संचालन प्रक्रिया में बदलाव की जरूरत है. आइआइएम रांची को नयी ऊंचाइयों पर ले जाना है. उक्त बातें आइआइएम रांची के नवनियुक्त निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कही. उन्होंने गुरुवार को पद भार संभाला. उनका स्वागत प्रभारी निदेशक सह डीन एकेडमिक एफेयर्स एंड डेवलपमेंट प्रो प्रदीप बाला ने किया.

प्रो दीपक ने कहा कि आइआइएम रांची शीर्ष बिजनेस स्कूल बन सके, इसके लिए विभिन्न संकाय के प्राध्यापकों के साथ विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास की योजना पर काम करना होगा. इसके तहत समावेशी शिक्षा के साथ रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना होगा.

आइआइएम त्रिची में थे डीन एकेडमिक : प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव 20 वर्षों से प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे हैं. आइआइएम रांची में निदेशक बनने से पूर्व आइआइएम त्रिची में डीन एकेडमिक थे. वे कई शैक्षिक और शोध कार्य से जुड़े रहे. शोध के क्रम में मैक्सिको सिटी के यूनिवर्सिडैड पैनामेरिकाना, स्कूल ऑफ बिजनेस, टेक्नोलॉजिको डी मॉन्टेरी, कैंपस एस्टाडो डी मेक्सिको, कॉगिन कॉलेज ऑफ बिजनेस, यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ फ्लोरिडा, जैक्सनविल (यूएसए) और तुर्कू यूनिवर्सिटी (फिनलैंड) आदि से जुड़कर शोध कार्य कर चुके हैं. इसके अलावा उन्होंने कई राष्ट्रीय संगठनों की महत्वपूर्ण समितियों का हिस्सा बन कर सहयोग किया. पूर्व में आइआइएम रांची के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) में बतौर सदस्य शामिल रहे थे. साथ ही नियमित रूप से देश के प्रमुख समाचार पत्र से जुड़कर देश की नयी नीतियों व देश के विकास के मुद्दे पर अपने विचार साझा करते रहे हैं.

आइआइएम रांची के नये निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव.

Prabhat Khabar_19.08.2022_Pg. 03